# कौशल विकास संचालनालय म.प्र.

क्र./कौ.वि.सं./मप्र/स्टेटसेल/प्रवेश/2025/ 1045 भोपाल दिनांक 21-07-2025

## विज्ञप्ति

## म.प्र. की आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025

## चतुर्थ (अपग्रेड राउण्ड) एवं पंचम (कन्वर्जन राउण्ड) हेतु

## आवश्यक सूचना

म.प्र. स्थित शासकीय एवं प्रायवेट आईटीआई में संचालित एनसीवीटी/एससीवीटी के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के के लिये आवेदकों को सूचित किया जाता है:-

- म.प्र. की शासकीय आईटीआई में आवेदकों को CTS की प्रवेश फीस दो किश्तों में जमा किये जाने की सुविधा प्रदान की गई है, जिसमें प्रथम किश्त प्रवेश के समय (ऑनलाईन) रू. 3250/- तथा द्वितीय किश्त राशि रू. 2840/- माह-नवंबर/दिसंबर तक संबंधित आईटीआई में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
- आगामी प्रवेश हेतु चतुर्थ चयन सूची जारी करना, अपग्रेड के साथ - **दिनांक 23.07.2025**
- चतुर्थ चयन सूची के आवेदकों क प्रवेश की कार्यवाही - **दिनांक 23-07-2025 से 25-07-2025**
- नये आवेदकों के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन निरंतर प्रारंभ है।
- प्रवेश 2025 के लिये पूर्व से रजिस्टर्ड(अप्रवेशित) एवं नवीन आवेदक विभाग के पोर्टल (www.dsd.mp.gov.in) पर **"प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2025"** पर जाकर आगामी राउण्ड के लिये निम्नानुसार कार्यवाही कर सकेंगे:-

| स क्र | की जानी वाली कार्यवाही | New Dates |
|---|---|---|
| 1. | ओपन(कन्वर्जन) राउण्ड - म. प्र. राज्य एवम राज्य के बाहर के आवेदकों द्वारा प्रवेश पोर्टल पर आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन/ रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार। इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना / इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार (च्वाईस लॉक करने के पूर्व तक)। | 26-07-2025 से 01-08-2025 |
| 2. | कामन रैंक आवेदकों के लॉगिन पर प्रदर्शित की जायेगी। | 02-08-2025 |
| 3. | कामन रैंक में यदि प्राप्तांकों में त्रुटि हो तो सुधार हेतु आवेदको द्वारा पोर्टल पर स्वयं के लॉगिन पर जाकर (Edit) त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। | 02-08-2025 से 03-08-2025 |
| 4. | पंचम चयन सूची ओपन(कन्वर्जन) राउण्ड समस्त सीटों के कन्वर्जन सहित एवं राज्य के बाहर के आवेदकों को जोड़ते हुए मेरिट सूची जारी करना | 08-08-2025 |
| 5. | पंचम चयन सूची के आवेदकों का प्रवेश। सीटों के कन्वर्जन सहित | 08-08-2025 से 14-08-2025 |
| 6. | संस्थावार/व्यवसायवार रिक्त सीटों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित करना। | 16-08-2025 |

आवेदकों के लिये महत्वपूर्ण जानकारियाँ निम्नानुसार है:-

- आईटीआई में महिलाओं के प्रवेश हेतु 35% सीटें आरक्षित की गई हैं, जिससे प्रदेश में महिलाओं का कौशल विकास में योगदान बढ़ेगा।
- इस वर्ष से प्रदेश की आईटीआई में 10 ट्रेड (Welder, Plumber, Weaving Technician, Welder-Fabrication, Driver Cum Mechanic, Dress Making, Sewing Technology, Mason, Wood Work Technician-Carpenter, Painter General ) में 08वीं के आधार पर प्रवेश की प्रक्रिया की जा रही है।
- आवेदकों को सूचित किया जाता है कि 08वीं एवं 10वीं के ट्रेड में च्वाईस फिलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म में **"Both-08वीं एवं 10वीं के आधार पर"** ऑप्शन का चयन अवश्य करें तथा 08वीं एवं 10वीं दोनों कक्षाओं के उत्तीर्ण प्राप्तांकों की प्रविष्टि अनिवार्यत: करें।
- आईटीआई के विभिन्न ट्रेड में प्रवेश की अधिक जानकारी के लिये नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क पर अवश्य संपर्क करें। आईटीआई में प्रवेश फार्म भरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।
- समस्त आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अंतिम तिथि के पूर्व प्रवेश की प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिये च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य है।

**प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें**

**फोन नं.-** 9220407724, 9220407725, 9220407726, **ई-मेल-** mpiticounseling2025@gmail.com

संचालक

कौशल विकास संचालनालय

मध्यप्रदेश